आवासीय कालोनियो में कैच द रेन (वर्षा जल संरक्षण), हेतु चलाया अभियान-निगम भिलाई

भिलाईनगर। दिन-प्रतिदिन पृथ्वी के नीचे का जल स्तर घटते जा रहा है, उसको रोकने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा आवासीय कालोनियो में कैच द रेन का अभियान छेड़ रखा है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियो की टीम बनी है जो आवासीय कालोनियो में जाकर वहां के पदाधिकारियो से बैठक करते है उन्हे कैच द रेन अभियान के बारे में बताते है सभी इस बात से सब सहमत होते है कि हमे वर्षा का जल बचाना है सभी की उपस्थिति में शासन द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार कालोनियो के क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए वहां गढढा बनाया जाता है। उसमें छोटे पत्थर, बालू, गिटटी इत्यादि डालकर ऐसा सिस्टम लगाया जाता है कि छत से होकर गिरने वाला वर्षा का पानी पाईप लाईन के माध्यम से उस गढढे में आये और धीरे धीरे जल स्तर को बढ़ाये। साथ ही कालोनियो के गार्डन बने है उसमें भी नियमानुसार कैच दरेन पिट बनाया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है कि नगर निगम के जितने भी शासकीय भवन, सार्वजनिक भवन, उद्यान, सांस्कृतिक भवन आदि सभी जगहो में बरसात के जल को संरिक्षत करने के लिए सोख पिट बनाया जाये। उन्होने सभी नागरिको से अपील की है कि नगर निगम के इस अभियान में सहयोगी बने अपने घर से निकलने वाले बरसात के पानी को सीधे नालियो में न जाने दे सोख पिट बना के संरक्षित करें। नगर निगम भिलाई इसमें पुरी तरह से इस अभियान में सहयोग करेगा, हम सब मिलकर ही अपने वाले आने वाली पीढ़ही के लिए जल बचा सकते है।

भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी शिव शक्ति अपाटमेट, शिव कृपा अपाटमेंट, ग्रेस भिलाई गणपति कालोनी, दिलीप परिसर, श्रीराम हाईटस, शकुंतला अपाटमेंट, राधिका अपाटमेंट, आम्रपाली कालोनी इत्यादि कालोनियो में जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को व्यवस्थित करवाये है। भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख ने बताया कि नगर निगम भिलाई द्वारा सभी आवासीय कालोनियो के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें बेस्ट रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम को लगाने वाले, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कालोनी से निकलने वाले गिले एवं सूखे कचरे को सेग्रिगेट करने वाले, साफ सुथरा कालोनी को रखने वाले, कालोनी के गार्डन से निकलने वाले पत्तो से खाद बनाने वाले आदि सभी हाउसिंग सोसायटीयो के बीच में खुली प्रतियोगिता रखी जा रही है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले अपाटमेंट को नगर निगम भिलाई द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। उस कालोनी का नाम शासन स्तर के प्रतियोगिता के लिए आगे भी भेजा जायेगा।